संख्या- 129 /2026/2479/26-3-2026-1658047

प्रेषक,

चन्द्र कुमार मिश्र
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3

लखनऊ : दिनांक 30 सितम्बर 2026

विषय:- **चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 01 इनोवा क्रिस्टा, 01 होन्डा सिटी, 02 बोलेरो/बोलेरो नियो क्रय किये जाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-580/स0क0/नजारत/स्टोर/2026-27, दिनांक 21-07-2026 तथा पत्र संख्या-904/स0क0/नजारत/स्टोर/2026-27, दिनांक 10-09-2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से निष्प्रयोज्य घोषित होने के उपरांत नीलाम हो चुके 04 अदद शासकीय वाहनों के स्थान पर 01 अदद नवीन इनोवा क्रिस्टा निदेशक समाज कल्याण हेतु, 01 अदद नवीन होन्डा सिटी वित्त नियंत्रक तथा 02 अदद बोलेरो/बोलेरो नियो निदेशालय में कार्यरत् संयुक्त निदेशक/उप निदेशक के प्रयोगार्थ क्रय किये जाने के सम्बन्ध में वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 50.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 01 इनोवा क्रिस्टा, 01 होन्डा सिटी, 02 बोलेरो/बोलेरो नियो क्रय किये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्ष- 4225018000300 मुख्यालय अधिष्ठान मानक मद 14 मोटर गाड़ियों का क्रय मद में प्राविधानित धनराशि रू0 50.00 लाख के सापेक्ष **सम्पूर्ण धनराशि रू0 50.00 लाख (रू0-पचास लाख मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं-

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया

(2) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश

बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्रस आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

(4) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा। विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(5) प्रस्तावित वाहनों का क्रय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 में दी गयी व्यवस्थानुसार तथा निर्धारित सीमा/व्यवस्था के अन्तर्गत किया जायेगा।

(6) प्रश्ननगत वाहन का क्रय जेम पोर्टल के अनुसार न्यूनतम दरों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(7) प्रश्नगत वाहन क्रय की गुणवत्ता, विशिष्टियों एवं वरीयता आदि का उत्तरदायित्व निदेशक, समाज कल्याण विभाग का होगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 50.00 लाख (रुपये पचास लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 080 **लेखा शीर्षक** 4225018000300 मुख्यालय अधिष्ठान **मानक मद** 14 मोटर गाड़ियों का क्रय के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-E-4-132-X-2026-27-दिनांक: 18-09-2026 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

Digitally signed by
CHANDRA KUMAR MISHRA
Date: 30-09-2026 16:37:18

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज ।
4- प्रधान महालेखाकार (सिविल ऑडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-4/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7- वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
9-गार्डफाइल।

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव